हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 24 जनवरी 2025
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

## आम निर्वाचन के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

# चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के सफल आयोजन के लिए सभी सेक्टर अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण

- कलेक्टर ने कहा- चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर की जाएगी सख्त कार्रवाई

कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत के सभागार में किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने स्वयं उपस्थित रहकर अधिकारियों को निर्वाचन संबंधी सम्पूर्ण प्रक्रिया की जानकारी दी और उन्हें आवश्यक निर्देश दिए। प्रशिक्षण में जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग, एडीएम अनिल वाजपेयी, अपर कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे ।




कलेक्टर रणबीर शर्मा ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने मतदान प्रक्रिया, मतदाता सूची की सत्यता, ईवीएम/मतपेटी के संचालन और आदर्श आचार संहिता के पालन पर विशेष जोर दिया। कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। इसके अलावा, कलेक्टर ने मतदान केंद्रों पर आवश्यक बुनियादी सुविधाओं, दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष व्यवस्था, और मतदान के दिन की प्रक्रियाओं पर भी विस्तृत मार्गदर्शन दिया। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की, कि वे आपसी समन्वय और तत्परता के साथ कार्य करेंगे, जिससे चुनाव प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके। मास्टर ट्रेनर सुनील झा ने त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव 2025 के तहत सेक्टर अधिकारियों के प्रशिक्षण में दी गई चुनाव संबंधी विस्तृत जानकारी दी । जानकारी कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर केंद्रित थी जिसके अंतर्गत सेक्टर अधिकारियों को मतदान केंद्रों पर चुनावी प्रक्रिया, मतदाता सूची की सत्यता, और वोटिंग मशीनों (ईवीएम/मतपेटी) के संचालन की जानकारी दी गई। उन्हें मतदाताओं की पहचान सत्यापित करने, वोटिंग प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने और किसी भी अनियमितता की रिपोर्टिंग का प्रशिक्षण दिया गया।

अधिकारियों को चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसमें प्रचार-प्रसार की सीमाएं, प्रत्याशियों के व्यवहार, सरकारी संसाधनों के उपयोग पर प्रतिबंध, और चुनावी माहौल को शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए आवश्यक कदमों की जानकारी दी गई। मतदान केंद्रों पर आवश्यक बुनियादी सुविधाओं, जैसे पानी, शौचालय, रैंप, और बिजली व्यवस्था का निरीक्षण और समुचित प्रबंधन सुनिश्चित करने की जानकारी दी गई।

**एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज**
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन

सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

## नगरीय निकायों में अवकाश वाले दिन 25 जनवरी को भी जमा होंगे नामांकन पत्र

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने निर्देशों जारी किया है कि आगामी 25 जनवरी को सभी 10 नगरीय निकायों में नाम निर्देशन पत्र जमा करने की प्रक्रिया सामान्य रूप से जारी रहेगी। 25 जनवरी को कोई सार्वजनिक अवकाश घोषित नहीं किया गया है। जिले के 10 नगरीय निकायों में अध्यक्ष एवं पार्षद पदों के लिए आम चुनाव की प्रक्रिया के तहत नामांकन जमा करने की शुरुआत 22 जनवरी से हो चुकी है। नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 28 जनवरी दोपहर 3 बजे तक निर्धारित की गई है। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार, शनिवार 25 जनवरी को नाम निर्देशन पत्र जमा करने के लिए रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा नामांकन पत्र लिए जाएंगे। चूंकि यह दिन सार्वजनिक अवकाश नहीं है, इसलिए नामांकन पत्र जमा करने की प्रक्रिया पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सामान्य रूप से जारी रहेगी। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित उम्मीदवारों और दलों से अपील की है कि वे समयसीमा के भीतर अपने नामांकन पत्र जमा कर लें।

**आज से इन सिनेमाघरो मे देखिए**




| | | |
|---|---|---|
| 1. राज टॉकिज- रायपुर | 23. बिठोबा - महासमुंद | 45. चित्रा- कोरबा |
| 2. मिराज सिनेमा- नया रायपुर | 24- सिटी सिनेमा- बागबाहरा | 46. सिनेमुड - कोरबा |
| 3. पी वी आर सिटी सेंटर- रायपुर | 25. सिटी सिनेमा- बसना | 47. मुरली मेट्रो- कटघोरा |
| 4. आईनाक्स अम्बुजा माल - रायपुर | 26. गरिमा- पिथौरा | 48. वसुंधरा मल्टीप्लेक्स- अंबिकापुर |
| 5. कलर्स माल- रायपुर | 27. सिटी सिनेमा- सारंगगढ़ | 49. बसंत मल्टीप्लेक्स- अंबिकापुर |
| 6. मुक्ता ए 2 - भिलाई | 28. संजना सिनेमा- सरायपाली | 50. आईमेक्स- सुरजपुर |
| 7. आर एल आर चंद्रा- भिलाई | 29. मार्को सिनेप्लेक्स- सरसींवा | 51. सिटी प्लेक्स- भाटापारा |
| 8. पी वी आर -भिलाई | 30. श्री महल - भटगांव | 52. माँ भवनेश्वरी टॉकिज- कवर्धा |
| 9. तरूण एल बी - दुर्ग | 31. आब सिनेमा- बिर्‌रा | 53. अनुपमा सिनेमा- जगदलपुर |
| 10. के सेरा सेरा - दुर्ग | 32. किशोर- कोंडागांव | 54. पुजाश्री टॉकिज- पेंड्रा रोड |
| 11. अप्सरा टॉकिज- दुर्ग | 33. रामा मेट्रो- शिवरीनारायण | 55. सिटी 36- बिलासपुर |
| 12. श्री कृष्णा टॉकिज- राजनांदगांव | 34. तक्ष सिनेमा- शिवरीनारायण | 56 . पी वी आर- बिलासपुर |
| 13. सिल्वर स्क्रीन- राजनांदगांव | 35. रामनिवास- रायगढ़ | 57. सुनीलम- कुरूद |
| 14. पाची सिनेमा - बालोद | 36. आर के मल्टीप्लेक्स- रायगढ़ | 58. जयश्री टॉकिज- नागपुर |
| 15. विनय टॉकिज- बालोद | 37. ग्रैंड सिनेमा- रायगढ़ | 59. लेसा- खरियार रोड |
| 16. माथुर सिटीप्लेक्स- दल्लीराजहरा | 38. गैलेक्सी- रायगढ़ | 60. बालाजी टॉकिज- कसडोल |
| 17. विनायक- कोंडागांव | 39. जो सी एम- अम्बिकापुर | 61. दुर्गेश सिनेमा- पेन्ड्रा रोड |
| 18. सिनेवर्ल्ड - कांकेर | 40. कृष्णा मेट्रो- सक्ति | 62. सी 2 सिनेमा- पत्थलगांव |
| 19. श्री टॉकिज- पाटन | 41. मुकुंद - चांपा | 63. विवान सिनेमा- पत्थलगांव |
| 20. देवश्री टॉकिज- धमतरी | 42. पद्मिनी- चांपा | 64. मयुर- बालाघाट |
| 21. प्रशांत एस आर एम- धमतरी | 43. मेट्रो- जांजगीर | 65. ट्रेजर सिनेमा- बईहर |
| 22. गैलेक्सी- राजिम | 44. निहारिका- कोरबा | 66. श्री सिनेमा- डोंगरगढ़ |

वितरक- आर एल आर सिनेमा

SHREE SHIVAM'S
3 DAYS SUPER SALE 24-25-26 JAN

CENTRAL INDIA'S LARGEST FAMILY FASHION STORE
SHREE SHIVAM
THE TOGETHERNESS STORE
MEN | WOMEN | KIDS WEAR

FLAT 50% OFF
MUFTI, GINI & JONY, KILLER, KAZO, SWEET DREAMS, LINEN CLUB, IZOD, NAUTICA, MADAME, CRIMSOUNE CLUB

UPTO 50% OFF
PUMA, RARE RABBIT, TOMMY HILFIGER

BUY 1 GET 1 FREE
PONTIAC, PARX, BLACKBERRYS, FLYING MACHINE, WISHFUL, ColorPlus, ARROW, U.S. POLO ASSN., W, aurelia

BUY 2 50% OFF
spykar, JACK & JONES, GAS, KILLER, levi's, SELECTED, GUESS, VERO MODA

FLAT 40% OFF
INDIAN TERRAIN, Calvin Klein, UNITED COLORS OF BENETTON., Pepe Jeans LONDON

50% OFF Saree | Kurti | Lehenga | Dress Materials | Salwar Suits | Indo-western | Kids Wear
On selected articles

**Raipur:** Beside Axis Bank, Jeevan Bima Marg, Pandri • **Durg:** Santra Badi, Station Road • **Bilaspur:** Agrasen Chowk, Link Road
NAGPUR • BHOPAL • JABALPUR • CHHINDWARA | Follow us on shreeshivamclothing shreeshivm 7222955555 Donate Organ. Donate Life. | AMPLE PARKING SPACE

*T&C Apply
Conceptualized By AdPRAYAS

RPR_Bhoomi_23_2025-02_Layout 1 1/23/2025 11:48 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### आंगनवाड़ी केंद्रों में मनाया ईसीसीई दिवस

**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर छत्तीसगढ़ और सहयोगी संस्था एडुवीव फाउंडेशन ने जिले में चलाई जा रही 'गढ़बो बचपन' प्रोजेक्ट के तहत बुधवार को आंगनबाड़ी केंद्रों में ईसीसीई दिवस कार्यक्रम मनाया। कार्यक्रम पालकों को आंगनवाड़ी केंद्रों से जोड़कर बच्चों को सीखने की प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करने तथा बच्चों को घर पर गुणवत्तापूर्ण अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### नशीला पदार्थ खिलाकर महिला से दुष्कर्म, केस दर्ज

**रायपुर।** नशीला पदार्थ खिलाकर एक महिला से दुष्कर्म कर उसका अश्लील विडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग करने का मामला सामने आया है। घटना की रिपोर्ट खमतराई थाने में दर्ज कराई गई है। भनपुरी निवासी 39 वर्षीय प्रार्थिया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी राजकुमार त्रिपाठी 55 वर्ष ने प्रार्थिया को प्रसाद खिलाकर बेहोश कर दिया था। उसके बाद उसके साथ शारीरिक संबंध बनाकर उसका अश्लील वीडियो बना लिया और इसी विडियो को वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। पुलिस ने इस मामले में धारा 376, 384, 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

### मकान से 95 हजार कीमत के जेवर चोरी

**रायपुर।** शहर के हीरापुर वीर सावरकर नगर स्थित एक मकान में चोरी हो गई। घटना की रिपोर्ट कबीरनगर थाने में दर्ज कराई गई है। घटना 13 जनवरी को दोपहर करीब 1 बजे की है। प्रार्थी जीतेंद्र प्रसाद निवासी हीरापुर वीर सावरकर नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके मकान में कोई अज्ञात व्यक्ति प्रवेश कर आलमारी में रखे सोने के जेवर चोरी कर ले गया। चोरी गए जेवर की कीमत 95 हजार रुपए है। पुलिस ने मामले में अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### मुख्यमंत्री ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के नायक और आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 23 जनवरी को जयंती पर नमन किया है। इसी दौराना श्री साय ने कहा कि, नेताजी द्वारा देश के लिए किए गए अतुल्य योगदान को सम्मान देने के लिए उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि नेताजी अपने साहसिक नेतृत्व और देश प्रेम के लिए जाने जाते थे। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का साहस, बलिदान और दृढ़ संकल्प से भरा जीवन आज भी युवाओं को देश की सेवा के लिए अथक परिश्रम करने के लिए प्रेरित करता है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में नेताजी का योगदान युवाओं को सदैव प्रेरित करता रहेगा।

### ऋचा शर्मा ने नशा मुक्ति केन्द्र का किया निरीक्षण

**रायपुर।** रायपुर जिले की प्रभारी सचिव एवं अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा ने बुधवार को शंकर नगर स्थित नशा मुक्ति केन्द्र संकल्प का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नशा मुक्ति के लिए संस्थान द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। उन्होंने नशा मुक्ति केन्द्र में भर्ती उपचार्थी से मुलाकात की और कहा कि अपनी ईच्छा शक्ति की सहायता से नशा को अवश्य छोड़े। नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है और उसके साथ परिवार के सदस्य भी परेशान होते है। इस दौरान उन्होंने यहां उपचार्थियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को भी परखा। इस अवसर पर कलेक्टर डा. गौरव सिंह, एसएसपी डा. लाल उम्मेद सिंह और जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप उपस्थित थे।

# महाविद्यालयों में अब 'पायथन' लैंग्वेज, बेसिक लॉजिक और एप्टीट्यूड की क्लास

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- स्किल इनहैंसमेंट कोर्स और वैल्यू एडेड कोर्स के अंतर्गत कराया जा रहा अध्यापन
- नैक ने कई महाविद्यालयों को दी थी नए पाठ्यक्रम संचालित करने की नसीहत

राजधानी के महाविद्यालयों के छात्र अब स्नातक स्तर की पढ़ाई के साथ ही बेसिक लॉजिक और एप्टीट्यूड अर्थात अभिक्षमता से संबंधित कक्षाओं का हिस्सा होंगे। इसका फायदा उन्हें यह होगा कि ग्रेज्यूशन पूर्ण करने के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के दौरान उन्हें अतिरिक्त रूप से इनकी कक्षाएं नहीं लेनी पड़ेंगी। बेसिक लॉजिक और एप्टीट्यूड संबंधित सवाल पीएससी, यूपीएससी, एसएससी सहित लगभग सभी प्रतियोगी परीक्षाओं और नेट, स्लेट, टीईटी आदि का हिस्सा होते हैं। सामान्य तौर पर विज्ञान-गणित समूह के विद्यार्थियों का प्रदर्शन इसमें अच्छा होता है, लेकिन कला और वाणिज्य संकाय के छात्र इसमें पीछे रह जाते हैं, इसलिए इन संकाय के विद्यार्थियों के लिए भी बेसिक लॉजिक और एप्टीट्यूड की कक्षाएं संचालित की जाएंगी। दरअसल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत छात्रों को स्किल इनहैंसमेंट कोर्स और वैल्यू एडेड कोर्स का अध्यापन कराया जाना है। प्रथम, तृतीय और पंचम सेमेस्टर में छात्रों को वैल्यू एडेड कोर्स का अध्यापन कराया जाएगा। जबकि द्वितीय, चतुर्थ और षष्ठम सेमेस्टर में स्किल इनहैंसमेंट कोर्स पाठ्यक्रम का हिस्सा होगा। इसके अंतर्गत ही भिन्न-भिन्न महाविद्यालय अपने छात्रों की रुचि के अनुसार इन पाठ्यक्रमों का चयन करते हुए अध्यापन करा रहे हैं।



फाइल फोटो

### प्रतियोगी परीक्षाओं के आधार पर चयन

स्किल इनहैंसमेंट कोर्स और वैल्यू एडेड कोर्स में छात्र उन विषयों का चयन कर रहे हैं, जो प्रतियोगी परीक्षाओं में सहायक हो। आईटी सेक्टर भी ट्रेंड में है।
- **डॉ.देवाशीष मुखर्जी,** प्राचार्य, महंत महाविद्यालय

### उपयोगी चीजों को प्राथमिकता

स्किल इनहैंसमेंट कोर्स और वैल्यू एडेड कोर्स में हम उन चीजों को ही प्राथमिकता दे रहे हैं, जो विद्यार्थियों के लिए उपयोगी हो। प्रत्येक सेमेस्टर में अलग-अलग विषयों का चुनाव किया जा रहा है।
- **डॉ.प्रीति मिश्रा,** प्राचार्य, राधाबाई कन्या महाविद्यालय

### ग्रेडिंग सुधारने में मिलेगी मदद

शैक्षणिक सत्र 2023-24 और 2024-25 में राजधानी के आधा दर्जन से अधिक शैक्षणिक संस्थानों की ग्रेडिंग नैक टीम द्वारा की गई। इस दौरान नैक टीम ने नवीन पाठ्यक्रम शुरू करने की नसीहत महाविद्यालयों को दी थी। इसे भी ध्यान में रखते हुए कॉलेजों द्वारा नवीन पाठ्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं। इससे ग्रेडिंग सुधारने में मदद मिलेगी। इसके अलावा जेनेरिक इलेक्टिव (संकाय से बाहर चुने जाने वाले विषय) के अंतर्गत भी विद्यार्थियों द्वारा समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान जैसे विषयों का चुनाव किया जा रहा है, जो प्रतियोगी परीक्षाओं में सहायक हो। कंप्यूटर प्रोग्रामिंग के अंतर्गत आने वाले लेटेक्स और पाइथन जैसे चीजों का अध्ययन भी छात्रों को कराया जा रहा है। महाविद्यालय प्रबंधन का मानना है कि इससे कंप्यूटर आधारित रोजगार में छात्रों को सुविधाएं मिलेंगी।

## नियमों के उल्लंघन के मामले में 50 अन्य लोगों पर 19 हजार का अर्थदंड

# शराब पीकर वाहन चलाते 8 लोग सपड़ाए पुलिस ने वसूला 80 हजार रूपए का चालान


हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



जिले में यातायात सड़क सुरक्षा माह 2025 के दौरान जिला के गुण्डरदेही, अरमरीकला में जाकर यातायात रथ के द्वारा यातायात नियमों के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान जांच में शराब पीकर वाहन चलाने वाले तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध यातायात नियमों की विभिन्न धाराओं के तहत चालानी कार्रवाई की गई। जिले में विभिन्न थानों तथा यातायात पुलिस बालोद द्वारा अलग-अलग वाहन चालकों की जांच कर शराब पीकर वाहन चलाने वाले 8 प्रकरण में धारा 185 एमव्हीएक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई। न्यायालय के समक्ष चालान पेश कर जिला में 8 प्रकरणों में कुल 80,000 रूपए एवं अन्य धाराओं में 50 प्रकरणों में कुल 19,000 रूपए का अर्थदण्ड वसूला गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध अन्य धाराओं के तहत भी एमव्हीएक्ट की कार्रवाई की गई। जिले में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए यातायात जन जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत लगातार जिले में लोगों को मड़ई मेले में जाकर पांपलेट बांटकर तथा नुक्कड़ नाटक से समझाइश देकर लोगों को हेलमेट लगाने, शराब पीकर वाहन न चलाने एवं यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। यातायात सड़क सुरक्षा माह 2025 के दौरान 21 एवं 22 जनवरी को यातायात जागरूकता रथ गुण्डरदेही, अरमरीकला एवं करहीभदर, गुरूर, जमरूवा में हो रहे मड़ई मेले में जाकर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने पांपलेट बांटकर समझाईश देकर जागरूक किया गया। इसके साथ ही दो पहिया, चारपहिया वाहन चालकों से हेलमेट पहनने व सीट बेल्ट लगाने तथा यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश व हिदायत दी गई।

### पुलिस ने की यातायात के नियमों का पालन करने की अपील

आमजनों एवं वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए बालोद पुलिस ने




अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करें। रात्रि में वाहन चलाते समय अपर डिपर का प्रयोग करें। मालवाहक वाहन में सवारी भरकर परिवहन न करें। शराब सेवन कर वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग न करें। नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने न दें। संयमित गति से वाहन चलाएं एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगाएं। इसके साथ ही वाहन चलाते समय वाहन के सभी दस्तावेज हमेशा अपने साथ रखने को कहा गया है।

# पुष्पेंद्र ने छोड़ा कांग्रेस का हाथ थाम लिया भाजपा का दामन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

ब्लॉक युवक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष, युवक कांग्रेस के पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के पांच साल प्रभारी मंत्री, जनपद पंचायत के पूर्व सभापति रहे पुष्पेंद्र तिवारी ने कांग्रेस का हाथ छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया है। जिला प्रभारी शंकर अग्रवाल एवं जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने पुष्पेंद्र तिवारी को भाजपा गमछा व माला पहनाकर पार्टी में शामिल किया।

विभिन्न पदों पर रहते हुए कांग्रेस के लिए हमेशा समर्पित रहे दिग्गज कार्यकर्ता को पार्टी में महत्व नहीं मिलने, हमेशा अनदेखी से नाराज तिवारी ने भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता लेने की बात कही। पुष्पेन्द्र तिवारी ने कहा कि कांग्रेस में कार्यकर्ता का कोई महत्व नहीं है, वहीं भारतीय जनता पार्टी में सबसे पहले कार्यकर्ताओं का सम्मान होता है। कार्यकर्ताओं से ही पार्टी व संगठन चलता है। उन्होंने कहा कि देश में नरेंद्र मोदी जैसे प्रधानमंत्री व प्रदेश में विष्णुदेव साय सरकार के नेतृत्व में जो लगातार विकास कार्य हो रहे हैं और देश प्रगति की ओर बढ़ रहा है, वहीं कांग्रेस ने 70 साल तक सिर्फ फूट डालो व राज करो की राजनीति की है। उन्होंने कहा कि देश को आगे बढ़ाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया, आज छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार हर क्षेत्र में प्रदेश को आगे बढ़ने का काम कर रही है।

श्री तिवारी ने कहा मैं भी भारतीय जनता पार्टी में रहकर अपने क्षेत्र में जनता की भलाई के लिए काम करना चाहता हूं। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता यशवंत जैन, प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, प्रदेश कार्य समिति सदस्य कृष्णकांत पवार, अभिषेक शुक्ला, पूर्व जिला अध्यक्ष पवन साहू, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, वीरेंद्र साहू, पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव, महामंत्री राकेश छोटू यादव, पार्षद कमलेश सोनी, मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा, जिला मीडिया प्रभारी कमल पनपालिया, महामंत्री नरेंद्र सोनवानी, जिला युवा मोर्चा उपाध्यक्ष संजय साहू, विनोद जैन, समीर खान, नोहर साहू, बिरला मनहर उपस्थित थे।

# रेप, छेड़खानी के दो अलग अलग मामलों में कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- पाक्सो फास्ट ट्रैक ने सुनाया फैसला

उरला तथा मुजगहन थाना क्षेत्र में किशोरी को शादी करने का प्रलोभन देकर रेप तथा चार साल की मासूम के साथ छेड़खानी करने के आरोपियों को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सोम की फास्ट्र ट्रैक पाक्सो कोर्ट ने कैद की सजा सुनाई है।

लोक अभियोजक विमला तांडी के अनुसार उरला निवासी किशोरी के अपहरण तथा रेप करने के आरोप में कोर्ट ने माता-पिता तथा बेटे के साथ एक अन्य को कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने 17 अप्रैल 2018 को किशोरी को शादी करने का झांसा देकर रेप करने के आरोप में रवि कुमार देवांगन को 10 तथा उसके पिता परदेशी, मां सरस्वती देवांगन तथा एक अन्य जितेंद्र को पांच-पांच वर्ष कैद के साथ जुर्माने की सजा सुनाई है। मुजगनहन में चार साल की मासूम को चाकलेट खिलाने का झांसा देकर खेत में बच्ची के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पाए जाने के आरोप में कोर्ट ने शिव प्रसाद कोसले को तीन साल कैद की सजा सुनाई है।

### बीवॉक व एमएससी के परिणाम जारी

**रायपुर।** पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा बुधवार को बीवॉक, एमएससी पर्यावरण विज्ञान और एमएससी इलेक्ट्रॉनिक्स तृतीय सेमेस्टर के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। बीवॉक की परीक्षा में शामिल 19 में से 18 छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। एमएससी पर्यावरण विज्ञान की परीक्षा में शामिल सभी 14 छात्रों को उत्तीर्ण घोषित किया गया है। एमएससी इलेक्ट्रॉनिक्स की परीक्षा में 18 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 17 को उत्तीर्ण घोषित किया गया है।

# सीएनजी पंपों का नेटवर्क अभी छोटा, कम ही बिक रहे वाहन

- डिमांड पर मिल रही हैं टाटा और मारुति की कारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर में भी अब सीएनजी की कारें और अन्य वाहन बिकने प्रारंभ हो गए हैं। लेकिन सीएनजी पंपों का नेटवर्क छोटा होने के कारण ज्यादा वाहन नहीं बिक रहे हैं। रायपुर में एक माह में मुश्किल से एक दर्जन कारें ही बिक रही हैं। पूरे प्रदेश में सभी कंपनियों के वाहन मिलाकर करीब दो दर्जन ही वाहन बिक रहे हैं। प्रदेश के अन्य शहरों में भी ये वाहन जल्द बिकने लगेंगे। ऐसे में छत्तीसगढ़ में भी आने वाले समय में सीएनजी वाहन ज्यादा से ज्यादा सड़कों पर दिखने लगेंगे। प्रदेश में सीएनजी के पंपों का नेटवर्क तेजी से बढ़ाने पर काम चल रहा है।

राजधानी रायपुर में अब बीते माह ही दूसरा पंप भी खुल गया है। रायपुर में करीब आधा दर्जन पंप खुलने वाले हैं। इनमें से दो पंप नए साल में खुल जाएंगे। प्रदेश के कई शहरों में अडानी के पंप भी खुल गए हैं। ऐसा होने से प्रदेश में सीएनजी के वाहनों की बिक्री का रास्ता खुल गया है। रायपुर में अब तक मारुति और टाटा के वाहन बिक रहे हैं। जैसे-जैसे डिमांड आ रही है ऑटोमोबाइल कारोबारी वाहन मंगाकर दे रहे हैं।

### मारुति का हर मॉडल सीएनजी

मारुति कंपनी में हर मॉडल में सीएनजी मॉडल है। रायपुर में कंपनी के डीलर अनिल अग्रवाल ने बताया उनके यहां हर माह डिमांड पर दो से तीन कारें बिक रही हैं। रायपुर में हर माह करीब एक दर्जन कारें बिक रही हैं। ग्राहकों की डिमांड के हिसाब से उनको मॉडल मंगाकर दे रहे हैं। किसी भी मॉडल के ज्यादा वाहन मंगाकर नहीं रख रहे हैं। टाटा कंपनी के भी रायपुर में वाहन बिक रहे हैं। यहां भी डिमांड पर ही कारें मंगाकर दे रहे हैं। कुछ कंपनी के कमर्शियल वाहन और ऑटो भी बिक रहे हैं।


फाइल फोटो

### सीएनजी में तीन रुपए किमी का खर्च

सीएनजी गैस 90 रुपए के आस-पास एक लीटर है। एक लीटर गैस में वाहन का एवरेज पेट्रोल वाले वाहन से डेढ़ गुना आता है। यानी पेट्रोल वाले वाहन में 20 किलोमीटर का एवरेज है तो सीएनजी में यह 30 किलोमीटर रहता है। ऐसे में पेट्रोल वाले वाहन में पांच रुपए प्रति किलोमीटर का खर्च आता है, जबकि सीएनजी में यह खर्च तीन रुपए लगता है।

### प्रदेश में आधा दर्जन से ज्यादा पंप

सीएनजी वाहनों के लिए रायपुर में पहला पंप सितंबर में लोधी पारा में खुला था। इसके बाद दिसंबर में आमानाका भी एक पंप खुला है। एक पंप जल्द ही तेलीबांधा में खुलने वाला है। इसी के साथ सेंट्रल जेल के पेट्रोल पंप में भी सीएनजी वाहनों के लिए स्टेशन तैयार हो गया है। यहां भी सीएनजी के वाहनों को गैस मिलने लगेगी। पहले पंप के संचालक नीरज शर्मा ने बताया, हमने एचपी का पंप खोला है। अभी रायपुर में उतने ज्यादा वाहन सीएनजी वाले नहीं हैं, लेकिन आने वाला समय इन्हीं वाहनों का है। रायपुर में दूसरे राज्यों से यहां तबादला होकर आने वालों के पास सीएनजी वाहन हैं। इसी के साथ दूसरे राज्यों से यहां आने वालों को भी सीएनजी गैस की जरूरत पड़ती है। रायपुर के अलावा इस समय बिलासपुर, राजनांदगांव, कुम्हारी व उतई में सीएनजी पंप अडाणी गैस ने शुरू कर दिए हैं। कोरबा, दुर्ग, भिलाई जैसे अन्य प्रमुख शहरों में भी इसके पंप जल्द खुलने वाले हैं।

# काशीराम नगर के 100 परिवार मठपुरैना पीएम आवास जाएंगे



**रायपुर।** काशीरामनगर आवासीय योजना के जर्जर मकानों में निवास कर रहे 100 भवन स्वामियों को अब सुरक्षित ठिकाना मिलेगा। मठपुरैना के प्रधानमंत्री आवास योजना परिसर में बने मकानों में उन्हें व्यवस्थापित किया जायेगा। इसके लिए मकानों का आवंटन पत्र रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने सोमवार को अपने कार्यालय में वितरित किया।

- जर्जर मकानों में रह रहे परिवारों का जल्द होगा व्यवस्थापन

नगर निगम जोन 3 क्षेत्र स्थित काशीराम नगर के जर्जर मकानों में करीबन 100 परिवार निवास करते हैं। उन्हें व्यवस्थापन के तहत अब काशीराम नगर से मठपुरैना में निर्मित पीएम आवासीय परिसर में स्थित पक्के मकानों में शिफ्ट कराया जायेगा। इन 100 परिवारों को आवंटन पत्र का वितरण किया गया। इस मौके पर जोन 3 के पूर्व जोन अध्यक्ष डॉ. प्रमोद साहू, पूर्व पार्षद शीतल-कुलदीप बोगा, निगम अधीक्षण अभियंता संजय बागड़े, कार्यपालन अभियंता रघुमणि प्रधान,अंशुल शर्मा, सहायक अभियंता योगेश यदु, योगेश कडू उपस्थित थे।

## जनता के सपनों का घोषणा पत्र जारी करेगी भाजपा

# जनता क्या चाहती है, उसी से सुझाव ले रही भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव की घोषणा के बाद कांग्रेस और भाजपा चुनावी रणनीति के तहत घोषणा पत्र तैयार करने में जुट गई हैं। भाजपा ने घोषणा पत्र तैयार करने के लिए आम जनता से 30 जनवरी तक ऑनलाइन सुझाव मांगे हैं। वहीं कांग्रेस घोषणा पत्र समिति के सदस्य बैठक कर घोषणा पत्र तैयार करने पर मंथन कर रहे हैं। भाजपा ने नगरीय निकाय चुनावों की घोषणा पत्र को लेकर बुधवार को संवाददाताओं से घोषणा पत्र समिति के संयोजक अमर अग्रवाल ने कहा, नगरीय निकायों में इस बार जनता से लिए गए सुझाव के आधार पर भाजपा अपना घोषणा पत्र जारी करेगी। उन्होंने इसके लिए व्हाटएपस नंबर 9111014400 क्यूआर कोड को स्कैन करके और ई-मेल मोर सुझाव ऐट जी मेल डॉट कॉम के माध्यम से सुझाव मांगे हैं। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में फिर से चुनाव का शंखनाद हो गया है। प्रदेश का यह चुनाव मूलतः उस विश्वास का जनादेश में बदलने के लिए है, जो विश्वास हमने अपने पिछले एक वर्ष के कार्यकाल में हासिल किया है। बीते एक साल में जो वादे किए, उन्हें पूरा कर यह साबित किया है कि भाजपा केवल बोलती नहीं, बल्कि करती भी है। अब हम इस मंत्र को लेकर नगर पालिका, नगर निगम और जिला परिषद स्तर तक पहुंच रहे हैं, ताकि हर शहर, हर वार्ड और हर गली, यहां तक कि हर घर में विकास की यह गूंज सुनाई दे। हमारा उद्देश्य छत्तीसगढ़ के हर नागरिक को स्वच्छ, सुंदर और समृद्ध जीवन प्रदान करना है। कांग्रेस के भ्रष्टाचार और कुशासन के विपरीत, भाजपा हर स्तर पर पारदर्शी और जवाबदेह शासन देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### जो वादे होंगे वो पूरे होंगे- सोनी



घोषणा पत्र समिति के सह संयोजक सुनील सोनी ने कहा, विधानसभा चुनाव की तरह ही निकाय चुनाव में भी हम अपना घोषणा पत्र जनता के सुझावों के आधार पर ही तैयार करना चाहते हैं। जनता के सुझाव न केवल हमारी योजनाओं को दिशा देंगे, बल्कि हम यह सुनिश्चित भी करेंगे कि उसे निकायों के विकास के अपने रोडमैप में हम सम्मिलित कर सकें।

### कांग्रेस घोषणा पत्र समिति की दूसरी बैठक

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में नगर निगम, नगर पालिका, पंचायत की चुनाव को लेकर चुनाव घोषणा पत्र समिति की दूसरी बैठक हुई। पहली बैठक में समिति ने कई मामलों पर विचार किया। चुनाव में प्रदेश और स्थानीय स्तर पर अलग-अलग घोषणा पत्र तैयार होगा। घोषणा पत्र समिति के संयोजक सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि समिति इस पर मंथन कर रही है। नगरीय निकायों में होने वाले कार्य के अलावा जनता को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं पर यह केंद्रित होगा। बैठक में पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर, गुरू रूद्र कुमार, अनिला भेड़िया, अमितेष शुक्ल, पूर्व विधायक अरुण वोरा, निगम के महापौर एजाज ढेबर, डॉ. अजय तिर्की, राजकिशोर प्रसाद, नंदलाल देवांगन उपस्थित थे।

# मतदान दलों को दिया गया प्रशिक्षण




**रायपुर।** नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के परिप्रेक्ष्य में बुधवार को रेडक्रॉस भवन के सभागृह में मतदान दलों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण चुनाव का सबसे महत्वपूर्ण अंग है। जितना अच्छे से आप प्रशिक्षित होंगे उतने अच्छे से आप मतदान कार्य संपन्न कराएंगे। उन्होंने कहा कि सभी को पंचायत के साथ नगरीय निकाय का चुनाव भी संपन्न कराना है। इस तरह सभी पर दोहरी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

24012025-lsp-02_Layout 1 1/23/2025 11:46 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### श्री राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं महायज्ञ 4 से

**बालोद।** स्वामी शरणानंद वन आश्रम खोलडोंगरी द्वारा श्री राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं



महायज्ञ का आयोजन 4 से 6 फरवरी तक श्री सिद्ध हनुमान मंदिर स्वामी शरणानंद वन आश्रम खोलडोंगरी में किया गया है। खोलडोंगरी में स्थित प्रकृति की अनुपम छटा के बीच पहाड़ी गुफाओं में विराजित सिद्ध हनुमान मंदिर स्वामी शरणानंद वन आश्रम में श्रीराम दरबार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं महायज्ञ का त्रि दिवसीय धार्मिक आयोजन किया गया है। इसमें मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरूण साव होंगे। इसके तहत 4 फरवरी को कलश यात्रा, श्री गणेश पूजा, यज्ञ मंडप प्रवेश, श्री सूक्त, पुरूष शुक्त, जलाधिवास, वेदांत दर्शन मानसगान का आयोजन होगा। 5 फरवरी को समस्त देवी देवताओं का आव्हान पंचगव्य स्नान, पूजन, रूद्राभिषिक, यज्ञ प्रारंभ, अन्नाधिवास, गंगास्नान, पुष्पाधिवास, संध्या आरती का आयोजन किया जाएगा। 6 फरवरी को वैदिक मंत्रोच्चार से श्रीराम दरबार प्राण प्रतिष्ठा, पंचामृत स्नान, पूजन, दुर्गा अर्चन, पूर्णाहुति का आयोजन किया जाएगा।

### मड़ई देखने गए पिता-पुत्र की पिटाई, मामला दर्ज

**बालोद।** ग्राम गब्दी मड़ई घूमने गए गिरवर चुरेंद्र और उनके पिता की तीन लोगों ने मिलकर पिटाई कर दी। गिरवर चुरेंद्र की रिपोर्ट पर मंगलवार को अर्जुन्दा थाने में तीनों लोगों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। ग्राम मटेवा निवासी गिरवर कुमार चुरेंद्र ने बताया कि 21 जनवरी को मैं गब्दी मड़ई गया था। गब्दी में अटल चौक के पास मंगलवार को शाम ग्राम गब्दी के खेमलाल ठाकुर मेरे पीछे से आकर कालर पकड़कर पुरानी रंजिश को लेकर गालियां देने लगा और चूड़ा से मेरे नाक के पास और सिर में मारा है। फिर मैं अपने पिता के पास गजेंद्र कलार की मिठाई दुकान में गया और घटना के बारे में मेरे पिता खेमलाल चुरेंद्र को बताया। उसके बाद मैं मेरे पिता जी के साथ खेमलाल के पिता जी के पास उसके घर गए। वहां पर भी खेमलाल ठाकुर और उसके दोस्त दुर्गेश व जीतू ठाकुर तीनों ने मिलकर मुझे तथा मेरे पिता जी से गाली-गलौज करते हुए मारपीट की।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस कल होंगे विविध कार्यक्रम

**बालोद।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय बालोद स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय में 25 जनवरी को कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि कार्यक्रम में नये मतदाताओं को ईपिक कार्ड प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों के लिए निबंध, रंगोली, स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। इस दौरान निर्वाचन कार्यों में संलग्न अधिकारी, कर्मचारी को उनके द्वारा संपादित उत्कृष्ट निर्वाचकीय कार्य के लिए पुरस्कृत किए जाएंगे। इस अवसर पर जिला स्तर पर बीएलओ पुरस्कार, प्रोफेसर नोडल अधिकार पुरस्कार, कैम्पस एम्बेसेडर पुरस्कार एवं अन्य स्वीप गतिविधियों से संबंधित पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। अपर कलेक्टर कौशिक ने सभी संबंधित अधिकारी–कर्मचारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के सफल आयोजन हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिए हैं।

## प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

# नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए 5 महिलाओं ने की दावेदारी, 15 वार्डों के लिए 33 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक महेश चंद्रवंशी ने नगर पंचायत चुनाव को लेकर एक बैठक रखी गई। बैठक में नगरीय निकाय चुनाव में प्रत्याशी चयन पर चर्चा कर दावेदारों से आवेदन लिए गए। अध्यक्ष पद के लिए निवर्तमान अध्यक्ष सोनिया सतीश जोशी, नेहा हुकुम सिन्हा, दिव्या वीरेन्द्र सिन्हा तथा नंदनी रामसहाय डडसेना, तितली बिन्दल सहित 05 महिलाओं ने अपनी दावेदारी पेश की। जबकि कुल 15 वार्ड के लिए 33 लोगों ने अलग-अलग वार्ड के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी की आयोजित बैठक में प्रमुख रूप से पर्यवेक्षक महेश चंद्रवंशी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बंशी पटेल,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेन्द्र उपाध्याय,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मनहरण सिन्हा,रोशन सिन्हा,अशोक बिंदल,सतीश जोशी सहित पूर्व पार्षद,एल्डरमेन व कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



**सही प्रत्याशी का चयन करती है पार्टी : मनहरण**

पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मनहरण सिन्हा ने कहा कि पार्टी उपयुक्त प्रत्याशी का चयन करती है, जिसे भी टिकट मिले एकजुटता के साथ चुनाव के लिए कमर कसने की आवश्यकता है। पर्यवेक्षक के समक्ष सबसे अधिक वार्ड क्रमांक 8 व 15 में आवेदन किए गये जबकि सभी वार्ड एक-एक आवेदन व कुछ में एक से अधिक आवेदन कार्यकर्ताओं ने किया है।

**पार्टी जिसे भी टिकट दे, सब मिलकर जिताएं : चंद्रवंशी:** प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक महेश चंद्रवंशी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से मजबूत रही है। इसका कारण है कि हम एक परिवार की तरह रहते हैं। चुनाव को एक पर्व के रूप में लेना चाहिए। उन्होंने के कहा कि वर्तमान में दावेदारी करने का सभी कार्यकर्ताओं का अधिकार है।

स्थानीय स्तर के वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में उचित प्रत्याशियों का चयन प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी जिसको भी टिकट देती है, उसकों कार्यकर्ता एकजुट होकर विजयी बनाने का संकल्प लेकर यहाँ से जाए। राजनीति स्थायी नहीं होता अवसर सबको समय में मिलता रहता है। इसलिए निराश होने की आवश्यकता नहीं है। जिला कांग्रेस कमेटी के विशेष आमंत्रित सदस्य महेन्द्र विरदी ने कहाँ कि कांग्रेस का एक लम्बी इतिहास रहा है। आजादी के 75 साल मे लगभग 50 साल कांग्रेस ने देश में शासन कर केवल जनता की सेवा में लगे रहे ऐसे ऐतिहासिक पार्टी के कार्यकर्ता आज भी मजबूती के साथ खड़े हैं।

# वाहन चालकों की आंखों की जांच के साथ किया गया स्वास्थ्य परीक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस प्रशासन राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के मद्देनजर यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत वाहन चालकों का नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर यातायात कार्यालय परिसर में शासकीय जिला चिकित्सालय बेमेतरा के चिकित्सकों की मौजूदगी में हुआ। आयोजन का मुख्य उद्देश्य वाहन चालकों के स्वास्थ्य की जांच करना और उन्हें सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रेरित करना था।

इस शिविर का आयोजन पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, एवं डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में प्रमुख रूप से डॉ. पवन कुमार वर्मा , दीपा शर्मा (नेत्र सहायक अधिकारी), योगेंद्र कुमार निराला (लैब अटेंडेंट), और रामचरण साहू के सहयोग से इस शिविर में 40 वाहन चालकों का नेत्र और स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिन चालकों में नेत्रदोष पाया गया, उन्हें उचित इलाज कराने और चश्मे का उपयोग करने की सलाह दी गई। इस अवसर पर यातायात प्रभारी उप निरीक्षक प्रवासी यादव, सउनि भलेतिनुस पन्ना, प्रधान आरक्षक दुष्यंत ठाकुर, आरक्षक राजेश साहू सहित पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में रूपाली प्रथम, खेमराज को मिला दूसरा पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्वामी आत्मानंद (हिन्दी माध्यम) उत्कृष्ट विद्यालय कन्या बेमेतरा में गणित एवं विज्ञान में रुचि विकसित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत प्रारंभिक स्तर (6वीं से 8वीं कक्षा) पर जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में जिले के चारों विकासखंड बेमेतरा, नवागढ़, बेरला, और साजा से कुल 30 छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं के बीच गणित एवं विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना और उन्हें नई जानकारी से लाभान्वित करना था। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों की घोषणा की गई। इस दौरान छात्रा रुपाली, कक्षा आठवीं, शा. पू. मा. शाला नेवनारा, वि का स खं ड बेरला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर खेमराज साहू, कक्षा आठवीं, शा. पू. मा. शाला सिंगदेही, विकासखंड बेरला रहे। तृतीय स्थान पर जनक सिन्हा, कक्षा आठवीं, शा. पू. मा. शाला बालक बेरला, विकासखंड बेरला ने कब्जा किया। इस क्विज प्रतियोगिता में जिले के जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा नरेन्द्र वर्मा, सहायक कार्यक्रम समन्वयक समग्र शिक्षा भूपेंद्र साहू एवं धनंजय शर्मा, जिले के पीएमयू प्रवीण सोनकर सहित निर्णायक दल के सभी सदस्य भी उपस्थित थे।

- राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत किया गया आयोजन

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली रुपाली, खेमराज साहू एवं जनक सिन्हा एवं सभी प्रतिभागी छात्रों को जिला शिक्षा अधिकारी ने पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता ने न केवल बच्चों को अपनी क्षमताओं को पहचानने का अवसर दिया, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में अतिरिक्त जागरूकता भी फैलाई।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुरूर में हुई नेत्र सहायक अधिकारियों की बैठक

**गुरूर।** जिला अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम ईकाई बालोद के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुरूर में नेत्र सहायक अधिकारियों की मासिक बैठक आयोजित की गई। वरिष्ठ नेत्र सहायक अधिकारी एवं सहायक जिला नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा की उपस्थिति में आयोजित बैठक मासिक प्रतिवेदन एवं आगामी माह में होने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। शालेय नेत्र परीक्षण ग्रामीण नेत्र सर्वेक्षण एवं मोतिया बिंद आपरेशन की समीक्षा की गई। मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं शालेय नेत्र परीक्षण में गुरूर विकासखण्ड की उपलब्धि शत प्रतिशत हो गई है। छात्र-छात्राओं को निःशुल्क चश्मा वितरण किया जा रहा है तथा मोतियाबिन्द ऑपरेशन वाले मरीजों का शत फॉलोअप किया जा रहा है, सभी पीएचसी, सीएचसी में नेत्र परीक्षण का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील भारती के निर्देशानुसार सभी कार्यक्रम संपन्न किये जा रहे हैं। बैठक में नेत्र सहायक अधिकारी डिगेश देवदास, श्यामसुंदर देवांगन एवं टिकेश्वर साहू उपस्थित थे।

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बेमेतरा ने मारी बाजी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बेमेतरा में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के 8 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभागी बन हिस्सा लिया।

चार वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता के पहले वर्ग में 25, दूसरे में 22, तीसरे में 30 तथा चौथे वर्ग में 26 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। प्रतियोगिता के प्रारंभ में, सभी प्रतिभागियों को "भारत हैं हम" श्रृंखला के चयनित 05 एपिसोड देखने थे और इससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर देने थे। कुल पाँच राउंड में आयोजित प्रतियोगिता में, डायरेक्ट प्रश्नोत्तरी, नारा पहचानो, भारतीय नायकों को पहचानो, बज़र राउंड तथा अंत में रैपिड फ़ायर प्रश्नोत्तरी हुई। निर्णायक मंडल में रामकृष्ण साहू ,प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बावामोहतरा, निशु गुप्ता पीजीटी रसायन, डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता तथा सारिका जायसवाल पीजीटी वाणिज्य, ऐकडेमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में प्रथम विजेता टीम पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बेमेतरा रही, द्वितीय स्थान पर राज्य बोर्ड के स्कूल संयुक्त रूप से, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसमी बेमेतरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बावामोहतरा रहे, तीसरा स्थान सीबीएसई स्कूल का था जिसमें संयुक्त रूप से ऐकडेमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा, डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता, एलन्स पब्लिक स्कूल बेमेतरा, रहा तथा आख़िरी स्थान, सेजस पीएम श्री स्कूल बेमेतरा ,सेजस पीएम श्री स्कूल बेरला रहा। प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को प्राचार्या लक्ष्मी सिंह तथा निर्णायक मंडल के सदस्यों द्वारा ट्रॉफी प्रदान की गई तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

- पराक्रम दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता में 8 विद्यालयों के विद्यार्थी हुए शामिल

# खेत में बैठे बुजुर्ग ने ग्रामीण को बताया अपना नाम, कुछ देर बाद हो गई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

समीपस्थ ग्राम कसही में एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। मरने से पहले उसने अपना नाम दरबार बताया। प्रधान आरक्षक नौरंगे से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कसही के किसान चंदर सिंह साहू बुधवार को सुबह 6:30 अपनी गर्मी फसल के धान को देखने खेत जा रहा था। रास्ते के खेत में 60-65 वर्ष का वृद्ध व्यक्ति बैठा मिला। उससे पूछने पर अपना नाम दरबारी बताया। उसने समीप के ही गांव बगईकोन्हा के भारत नेताम से पहचान होने की जानकारी दी।

- डौंडीलोहारा क्षेत्र के ग्राम कसही की घटना

चंदर सिंह ने बताया कि लगभग तीन घंटे बाद जब वह वापस आ रहे थे, तब वही व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा मिला। उसकी स्थिति देखने पर कृपाराम साहू को आवाज दी, जो अपने खेत में था। उसके आने पर बुजुर्ग को हिला डुला कर देखा, तब तक उसकी मौत हो गई थी। इसकी सूचना थाने में जानकारी दी गई। इस संबंध में जब बगईकोन्हा निवासी भारत नेताम से बात की गई, तो उसने अनभिज्ञता जाहिर की। पतासाजी के दौरान उस वृद्ध व्यक्ति के वनांचल ग्राम अन्नूटोला का निवासी होना बताया जा रहा है, जो 10-12 साल से लापता है। उनका एक पुत्र है, जो मानपुर मोहला के पास रहकर रोजी मजदूरी करता है। उसकी पहचान कराना अभी बाकी है। उनके शुक्रवार को आने के बाद ही सही जानकारी मिलने की संभावना है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया गया है।

# योग शिक्षा उन्मुखीकरण प्रशिक्षण 27 से

हरिभूमि न्यूजःबेमेतरा

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के दिशा निर्देश में जिले के प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई स्कूल व हायर सेकंडरी में अध्यापनरत शिक्षकों/ व्याख्याताओं का पाँच दिवसीय योग शिक्षा उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का कार्यक्रम 27 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक डाइट बेमेतरा में आयोजित किया जाएगा।

प्रशिक्षण के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए डाइट बेमेतरा में प्राचार्य जेके घृतलहरे और योग प्रशिक्षण प्रभारी थलज कुमार साहू की उपस्थिति में जिले के तीनों मास्टर ट्रेनर्स, भरत लाल साहू शिक्षक पिकरी, दीपक कुमार यादव शिक्षक प्रतापपुर, रंजीता वर्मा तिवरैया की एक आवश्यक बैठक रखी गई। इसमें पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण की विस्तृत रूपरेखा बनाई गई। इस योग शिक्षा उन्मुखीकरण प्रशिक्षण में हमारे दैनिक जीवन में योग का महत्व, योगासन हेतु सावधानियां, योग का सामान्य परिचय, षटकर्म, विभिन्न आसन, प्राणायाम रहस्य, योग द्वारा विद्यार्थियों का व्यक्तित्व विकास, अष्टांग योग, योग मुद्रा, त्रिबंध, एवं आहार, जड़ी बूटी का रहस्य, एक्यूप्रेशर का परिचय एवं उसका महत्व, अष्ट चक्र का ज्ञान, बीमारियों के अनुसार आसन, नशा नाश का कारण तथा योग से मानसिक विकास कैसे करें, इस पर मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा विस्तृत चर्चा की जाएगी। साथ ही साथ सुबह 6:30 से 8:00 तक प्रतिदिन योगाभ्यास भी कराया जाएगा।



### ग्राम बोरी में 144 कट्टा धान जब्त

**बालोद।** कृषि उपज मंडी समिति बालोद द्वारा विकासखण्ड के ग्राम बोरी में एक किसान के पास से 362 कट्टा 144.8 क्विंटल धान क्विंटल जब्त किया गया है। कृषि उपज मंडी द्वारा ग्राम बोरी में हरीश कुमार साहू 30 वर्ष के घर से यह धान जब्त किया गया है। व्यक्ति द्वारा धान को अपने घर में रखा गया था। इस कार्रवाई में सहायक खाद्य अधिकारी श्रद्धा दिल्लीवार, मंडी निरीक्षक जितेन्द्र जुमेले तथा अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। इस मामले में छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम 1992 की धारा 20, 19 के तहत कार्रवाई की गई है।

### रसमड़ा में मड़ई मेला 26 को

**दुर्ग।** रसमड़ा में 26 जनवरी रविवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम छत्तीसढ़ी लोक रिकार्डिंग डांस मोर भांवरा कार्यक्रम तेली टोला (टप्पा) राजनांदगांव का कार्यक्रम होगा।

जन्मदिन उत्सव
पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह फरवरी का फार्मेट का प्रकाशन 20 जनवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 25 जनवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

### रघुपति राघव राजा राम कार्यक्रम में शिकसा के सदस्यों ने दी प्रस्तुति

**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ ने अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर रघुपति राघव राजा राम कार्यक्रम का



आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन संयोजक डॉ. शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन, कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान की उपस्थिति व टीकाराम सारथी प्राचार्य चुरतेली सक्ती व सलाहकार शिकसा की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर श्यामलाल कोर्राम, रेखा पात्रे, कल्पना देवांगन, नैना साहनी, विंध्यवासिनी पांडे, चन्द्रकला शर्मा, शशिकला पाण्डेय, रामकुमार पटेल, मुकेश कुमार शिक्षक, हर नारायण साहू, डॉ.संध्या केशरवानी, डॉ.ज्योति किरण चन्द्राकर, लक्ष्मी नारायण क्षत्री, किरण शर्मा, तारा बन्छोर, डॉ.शालिनी श्रीवास्तव, मोहित कुमार शर्मा, मदन लाल तोमर, गुंजन वार्ष्णेय, चन्द्र कुमार चन्द्रा, लीलेश कुमार राजेश, पुष्पांजलि ठाकुर, ओ.पी.कौशिक रतनपुरिहा, सावित्री शराफ, संजय सिंह राजपूत, दुर्गा पाठक जोशी, शिवकुमार अंगारे ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन हरमन कुमार बघेल व शशिकला पाण्डेय तथा आभार प्रर्दशन डॉ.शिवनारायण देवांगन ने किया।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### शासकीय प्राथमिक शाला करमतरा में न्योता भोज

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला करमतरा में बिज्जू पाल एवं उनकी पत्नी सीमा पाल ने बच्चों को न्योता भोज कराया। न्योता भोज में चावल ,दाल, सब्जी,पापड़, फल,खीर ,पुड़ी, चटनी का भोजन कराया गया। शाला परिवार ने उनके कुटुंब, स्वास्थ्य एवं उज्वल भविष्य की कामना करते हुए अभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख सनत कुमार धुव एंव गौकरण कुमार चंद्राकर सहायक शिक्षक सहित शाला प्रबंधन एंव विकास समिति के सदस्य और दिनेश स्त्यवंशी संकुल समन्वयक उपस्थित रहे।

### 960 ग्राम गांजा के साथ आरोपी युवक गिरफ्तार



**बेमेतरा।** सिटी कोतवाली स्टाफ बाजार पारा निवासी युवक के पास से गांजा बरामद किया। आरोपी युवक सूरज डग्गर पिता स्व. गप्पू डग्गर उम्र 22 साल के विरुद्ध 20 (ख) नारकोटिक एक्ट का अपराध दर्ज कर कारवाई की । पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सुचना मिली कि वार्ड नं. 18 बाजार पारा में एक युवक अपने घर की परछी के सामने अवैध रूप से गांजा जैसे मादक पदार्थ बिक्री करने के लिए रखा है। सूचना के आधार पर थाना स्टाफ मौके पर पहुंचकर रेड किया गया। आरोपी के कब्जे से 960 ग्राम गांजा बरामद किया गया। कार्रवाई में थाना सिटी कोतवाली प्रभारी उप निरीक्षक राकेश साहू, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, सउनि दीनानाथ सिन्हा, यागेश्वर देशमुख, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, विनोद पात्रे, आरक्षक नूरेश कुमार वर्मा, संजय पाटिल, मोती जायसवाल, पीलाराम साहू, राजेन्द्र जायसवाल, शिव कुमार सेन एवं अन्य स्टाफ शामिल रहे।

### युवक ने लगाई फांसी

**डौंडीलोहारा।** विकासखंड डौंडीलोहारा अंतर्गत ग्राम झरन टोला निवासी रमेश कुमार तारम पिता मलेश राम तारम उम्र 29 वर्ष ने आत्महत्या कर ली। उसने ग्राम जाटादाह के भालू डोंगरी खार में रोमन लाल यादव के खेत पर लगे पेड़ में फांसी लगा ली। परिवार वालों के हवाले से एएसआई धनेलिया ने बताया कि मृतक रमेश कुमार तारम 22 जनवरी बुधवार को रात्रि में बिना किसी को बताए घर से चला गया था। परिजनों के अनुसार वह बीते 4 साल से सिरदर्द से परेशान रहता था। वहीं, नौकरी के लिए निकलने वाली वेकेंसी में हर बार आंख की रोशनी कम होने के कारण असफल हो जाता था। इसे ही आत्महत्या के पीछे का कारण माना जा रहा है।

### ग्राम राहुद में खेल महोत्सव 26 को

**गुण्डरदेही।** ग्राम राहुद में ग्राम के समस्त सैनिक परिवार व ग्रामवासियों के तत्वावधान में 26 जनवरी को युवा खेल महोत्सव का आयोजन किया गया है।

प्रवचन : अंचल में जगह-जगह पूजा पाठ एवं भंडारा सहित हुए विविध कार्यक्रम

# अयोध्या में श्री रामलला मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर निकाली गई भव्य कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला/कोदवा

जिले के ग्राम कोदवा में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम में भगवा ध्वज व झंडा लगाया गया। वहीं बाजे-गाजे के साथ कलश यात्रा निकाल कर पूरे ग्राम का भ्रमण किया गया। मंदिर में पंडित से पूरे विधि विधान से भव्य पूजा अर्चना भी की गई। पूजन पश्चात सभी को प्रसादी बांटी गई। साथ ही सभी ने पूरे उत्साह से एक दूसरे को गले लग कर बधाई व शुभकामनाएं दिया गया। कोदवा के इस आयोजन पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला सह संयोजक गणेश वैष्णव ने बताया कि पूरे उत्साह व उमंग के साथ प्रभु श्रीराम का पूजन कर अयोध्या में उनकी बाल स्वरूप प्रतिमा की प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरे होने पर प्रथम वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया। ग्रामीणों में आयोजन का अपना ही अलग जोश देखने को मिला। इस आयोजन में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जित्तु कुर्रे, हेमंत साहू, रमाकांत जोशी, शंकर साहू, देवेंद्र साहू, नंदलाल साहू, संदीप वर्मा, महादेव यादव सहित सैकड़ों बजरंगी भाई, ग्रामवासी महिला पुरुष बच्चें युवा शामिल रहें।

■ ग्राम कोदवा में धूमधाम से मनाई गई श्री रामलला स्थापना की वर्षगांठ



### ध्वज लगाने से मना किया, तो जताई नाराजगी

ग्राम के दुर्ग बेमेतरा मुख्य मार्ग पर सड़क में विशाल ध्वज लगाया जाना था, जिसके लिए विद्युत विभाग ने अनुमति नहीं देते हुए मना कर दिया गया। जिससे ग्रामीणों व बजरंगी भाईयों में भारी आक्रोश देखा गया। हिंदू धर्म के ध्वज की मनाही अधिकारी द्वारा किया जाना हिंदुओं का अपमान माना जा रहा है। इसके लिए वे ध्वज को लगाने की ही बात पर अड़े हुए हैं, जिसको लेकर वे सभी विद्युत विभाग के खिलाफ उग्र आंदोलन व प्रदर्शन करने की बातें कह रहे हैं।





### मन को अच्छा बनाए रखने के लिए आंखों पर नियंत्रण रखें



**साजा।** ग्राम हाट रांका में चल रही श्री राम कथा के तीसरे दिन कथावाचक ने कथा करते हुए कहा कि धरती पर कितने भी लोग बढ़ जाएं धरती माता रहने को जगह खाने को अन्न, पीने को पानी देगी लेकिन इस धरती पर जब पापी बढ़ाते हैं दुष्ट बढ़ते हैं तब यह धरती वह बोझिल होने लगती है और भगवान को अवतार लेने के लिए प्रार्थना करती है। संत ब्राह्मण गौ माता देवता इन पर जब अत्याचार होता है, तो धरती माता की प्रार्थना पर भगवान अवतार लेकर आते हैं । श्री राम जन्म का प्रसंग सुनाते हुए आज महामंडलेश्वर भगवान बापू स्वामी भागवता नन्द गिरी ने उक्त उद्गार रूद्र यज्ञ में चल रही श्री राम के अंतर्गत चतुर्थ दिवस में दिए। उन्होंने कहा कि पाप की शुरुआत आंख से होती है इसलिए मन को अच्छा बनाए रखने के लिए आंखों पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य को ठीक बनाए रखने के लिए जीभ पर नियंत्रण रखें , लोक में अच्छा व्यवहार बनाए रखने के लिए वाणी पर नियंत्रण रखें। काम क्रोध लोभ मोह मद मत्सर को संपूर्ण नष्ट नहीं किया जा सकता लेकिन इन पर नियंत्रण रखा जा सकता है। इन दुर्गुणों पर नियंत्रण रखने के लिए सद्गुरु की कृपा नितांत आवश्यक है। गुरु की कृपा से ही सब कुछ संभव हो सकता है। वृद्धावस्था तक भी दशरथ जी के यहां संतान नहीं हुई तब वह गुरु की शरण में गए और गुरुदेव ने यज्ञ करवाया। उस यज्ञ के फल स्वरुप महाराज दशरथ के यहां चार चार पुत्रों का जन्म हुआ।

## भिंभौरी में हुआ मानस का महाकुंभ, बड़ी संख्या में पहुंची मंडलियों ने गाई रामचरित की महिमा




**बेमेतरा/बेरला।** नगर भिभोरी में श्री विधि हरि हर मानस मंडली द्वारा दो दिवसीय राज्य स्तरीय विराट मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छ ग के नामचीन मानस मंडलियों ने हिस्सा लिया ।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर के पुरोहित महराज के करकमलों से दीप प्रज्वलित कर किया गया। उसके बाद बस्तर एवं उड़ीसा से पहुंची मानस मंडलियों की सांगीतिक प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। संध्या कालीन बेला में गंगा मईया के तर्ज पर श्री राम की महाआरती आयोजन हुआ। आयोजन में प्रतिभागी मंडली को पुरस्कृत किया गया। पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार स्वरांजलि मानस मंडली तुमकला, द्वितीय श्री राम चरित मानस मंडली खलना उड़ीसा बार्डर तृतीय जय गुरुदेव मानस मंडली उपरवारा चतुर्थ प्रज्ञा मानस मंडली सरायपाली पंचम राम रसिया मानस मंडली चमारी छठवां रघुवर मानस मंडली सप्तम ॐ आदित्य मानस मंडली रिसाली अष्टम बस्तरिहा मानस मंडली कोंदागांव उ बस्तर। महिला वर्ग में प्रथम श्री तुलसी के संदेश महिला मानस मंडली बोरेंदा, द्वितीय वंदना महिला मानस मंडली पडकी भाट तृतीय नवजागृति महिला मानस मंडली धौराभाठा चतुर्थ प्रतिज्ञा बालिका मानस मंडली खामही को प्रदान किया गया।

■ महिला वर्ग में बोरेंदा दुर्ग व पुरुषों में तुमकला की मंडली को मिला प्रथम पुरस्कार

विशेष पुरस्कार में व्याख्या विशेष में दाई के दुलार मानस मंडली कन्हार पूरी हारमोनियम श्री राम रसिया मानस मंडली चमारी गायन गुरु कृपा मानस मंडली सुखाताल बैंजो प्रतिज्ञा बालिका मानस मंडली खाम्ही बांसुरी श्री शिव शक्ति मानस मंडली लाटा अनुशासन परमेश्वर मानस मंडली सेंमहरतरा को प्रदान किया गया। निर्णायक के रूप में महराज दिन धीवर एवं सुरेन्द्र देवदास का विशेष सहयोग रहा। वहीं, मंच सारथी के रूप में कमलेश वर्मा देवलाल सिन्हा रामगोपाल धीवर ने कार्यक्रम में समा बांधा प्रभु राम के भक्ति मय वातावरण डुबकी लगाने समस्त नगर वासी सहित आप पास के राम भक्त नगर भिंभौरी पहुंचे। इसके अलावा जनप्रतिनिधि के रूप में पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा एवं किसान नेता योगेश तिवारी सहित मानस दर्शन जीवन अर्पण के संस्थापक दीपक अंजली गुहा सहित मां भद्रकाली जिला मानस संघ के पदाधिकारी डॉ ओंकार चंद्राकर ॐ यदु उत्तम साहू राजकुमार ताम्रकार ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। समिति के पदाधिकारीय हरिश्चंद्र वर्मा माखन साहू मोती लाल साहू हीरालाल साहू मोतीलाल साहू सतीश देवदास राजेंद्र वर्मा खिबराज धीवर चंद्रविजय धीवर रुखूँम साहू दिलीप टिकरिहा का विशेष सहयोग रहा अंत में आभार आयोजक समिति के अध्यक्ष हरिश्चंद्र वर्मा ने किया।

## अवैध शराब के परिवहन पर दो गिरफ्तार, वाहन भी जब्त



■ 57 हजार से अधिक की अवैध अंग्रेजी व देशी शराब बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस ने अवैध शराब का परिवहन करते दो युवकों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। युवकों के कब्जे से पुलिस ने 149 पौवा अंग्रेजी गोवा व देशी मसाला शराब बरामद की है। वाहन को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है।

सिटी कोतवाली पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि सूचना मिला थी कि दो व्यक्ति स्कूटी में अवैध शराब बिक्री के लिए परिवहन करते ग्राम बहेरा कुसमी की ओर जा रहे हैं। सूचना पर थाना सिटी कोतवाली एवं सायबर सेल स्टाफ मौके पर पहुंचकर दोनों युवकों को हिरासत में लेकर तलाशी ली। इस दौरान आरोपी संजय बंजारे पिता रवि बंजारे उम्र 26 साल वार्ड नं. 01 पिकरी बेमेतरा व रवेन्द्र कुमार घृतलहरे पिता स्व .मोहना घृतलहरे उम्र 27 साल ग्राम रांका के कब्जे से शराब बरामद किया गया। दोनों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की कारवाई की गई। कार्रवाई में उप निरीक्षक राकेश साहू, साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, सउनि यागेश्वर देशमुख, दीनानाथ सिन्हा, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, विनोद पात्रे, पवन सिंह, आरक्षक नूरेश कुमार वर्मा, मोती जायसवाल, पीलाराम साहू, संजय पाटिल, महेश दिवाकर एवं अन्य स्टाफ शामिल रहे।

## तीन फरार स्थायी वारंटी को किया गया गिरफ्तार



**बेमेतरा।** पुलिस तीन फरार स्थायी वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देश पर पुलिस अमला स्थायी वारंटियों को पकड़ने ऑपरेशन ईगल अभियान चला रही है ।

जानकारी अनुसार थाना बेरला स्टाफ ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 561/2013, अपराध क्रमांक 73/2023 धारा 294,506 बी, 323, 34 भादवि के मामले में फरार चल रहे दो स्थायी वारंटी देवकुमार ऊर्फ सोनू साहू पिता घनाराम साहू उम्र 20 साल ओर चंद्रशेखर देवांगन पिता रामकुमार देवांगन उम्र 21 साल कुसमी थाना बेरला जहां गिरफ्तार किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय के धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के मामले में फरार चल रहे स्थायी वारंटी मन्नू पारधी पिता कुमारू पारधी उम्र 29 साल ग्राम घटिया खुर्द थाना नंदनी जिला दुर्ग पकड़ने में कामयाब हुई। तीनों वारंटियों को गुरुवार न्यायालय में पेश किया गया है, जहां से जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में थाना बेरला प्रभारी मयंक मिश्रा, प्रधान आरक्षक दिनेश मंडावी, नोहर यादव, आरक्षक राजेन्द्र बसोर, महेश जांगडे, प्रीतेश महिलांग एवं अन्य स्टाफ शामिल रहे ।

## शिवसेना ने किया हिन्दू राष्ट्र के मुद्दे सहित क्षेत्रीय जनसमस्याओं पर धरना प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ शिवसेना ने जिला मुख्यालय स्थित सिग्नल चौक पर हिंदू राष्ट्र बनाए जाने व क्षेत्रीय जनसमस्याओं पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किए । धरने में प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार समेत अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। इसके पूर्व कोबिया चौक में प्रदेश प्रमुख का फूल मालाओं व फटाखे फोड़कर भव्य स्वागत करते हुए

बाइक रैली से धरना स्थल पहुंचे। दीप प्रज्वलित कर धरना आरंभ किया गया। इस दौरान बेमेतरा प्रभारी ईश्वर प्रसाद निषाद ने बताया यह धरना हिंदू राष्ट्र की मांग, गौ तस्करों पर हत्या का मुकदमा दर्ज, धर्मांतरण पर रोक व धर्मांतरित व्यक्तियों का आरक्षण का लाभ से वंचित करने,समान नागरिक संहिता लागू किए जाने सहित अन्य मुद्दों पर पार्टी ने धरना प्रदर्शन किया गया है।

### ये रहे उपस्थित

प्रदर्शन में प्रदेश प्रमुख धनंजय परिहार, महासचिव रेशमलाल जांगड़े, सुनील झा, राकेश श्रीवास्तव, राजेश ठावरे, संतोष शुक्ला, दिनेश ताम्रकार, ईश्वर निषाद, धनंजय चौहान, कमल सोनी, संतोष कौशल, जिलाध्यक्ष मनीष वर्मा, सुंदर पाठक, मनीष तिवारी, शिवा निषाद, लुकेश वर्मा, परमेश्वर साहू, हर्ष यादव, निहित वर्मा, राहुल यादव, चिंटू अनंत आदि सैकड़ों शिव सैनिक उपस्थित थे।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
पलकों का न खुलना
टोसिस PTOSIS का ईलाज
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

### वाहन चालक भर्ती संबंधी प्रायोगिक परीक्षा स्थगित

**बालोद।** छत्तीसगढ़ वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग बालोद वनमंडल अंतर्गत वाहन चालक की सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत वाहन चालन एवं मशीनी ज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा स्थगित कर दी गई है। वनमण्डलाधिकारी बीएस सरोटे ने बताया कि प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख छत्तीसगढ़ नवा रायपुर के निर्देशानुसार बालोद वनमंडल अंतर्गत वाहन चालक के सीधी भर्ती प्रक्रिया अंतर्गत वाहन चालन एवं मशीनी ज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा 29 जनवरी एवं रिजर्व तिथि 30 जनवरी को निर्धारित की गई थी। किंतु 20 जनवरी से आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के कारण वाहन चालक की प्रायोगिक परीक्षा स्थगित की गई है। उन्होंने बताया कि आगामी परीक्षा की तिथि के संबंध में पात्र अभ्यर्थियों को पृथक से सूचित किया जाएगा।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## व्याख्याता ने किया प्राथमिक शाला अकोला का निरीक्षण



**बेमेतरा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा के व्याख्याता थलज कुमार साहू ने शासकीय प्राथमिक शाला अकोला का अकादमिक निरीक्षण किया। विद्यालय में एक प्रधानपाठक है और दो सहायक शिक्षकों में से एक हेमलता ठाकुर मेडिकल अवकाश पर है।

बाकी के दो शिक्षक उपस्थित थे। प्रधान पाठिका हिमकल्याणी सिन्हा और हिरेश टंडन कक्षा में अध्यापन कराते हुए पाये गये। व्याख्याता थलज कुमार साहू से बताया कि विद्यालय का वातावरण स्वच्छ है एवं सीखने सिखाने के लिए उत्तम है। बच्चों की उपस्थिति अच्छी थी। तीसरी के बच्चों में एफएलएन है। बच्चे पुस्तक पढ़ लेते हैं। पहाड़ा याद है, चौथी- पांचवीं के बच्चों को सामान्य ज्ञान की जानकारी है। प्रधानपाठिका हिमकल्याणी सिन्हा बच्चों को लगातार प्रोत्साहित करती रहती है। मध्यान्ह भोजन संचालित पाया गया। व्याख्याता थलज कुमार ने कहा कि पढ़ाई का स्तर अच्छा है और इसे और उतरोत्तर बनाये रखने की आवश्यकता है। बच्चे संस्कारवान है। प्रश्नों के सही जवाब देने पर बच्चों को शाबासी भी दी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 14,500/
रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
19 फरवरी से 01 मार्च 2025, 19 मार्च से 29 मार्च 2025, 09 अप्रैल से 19 अप्रैल 2025, 07 मई से 17 मई 2025, 04 जून से 14 जून 2025
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-14500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉर्म में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport